हारे का सहारा श्याम | By Karishma Chawla

श्याम का भरोसा जिसे
नहीं घबराता है
हारे का सहारा श्याम
लाज बचाता है

जिसने भी जोड़ा नाता
उसका बना ये दाता
सारे जमा खर्च का
ये ही संभाले खाता
उसे कोई चिंता नहीं
वो मौज उड़ाता है
हारे का सहारा श्याम
लाज बचाता है

टूटी भले हो नैया
घनश्याम है खिवैया
अंधे की लाठी बनता
मेरा सांवरा कन्हैया
प्रेमियों का मान रखे
लाड लड़ाता है
हारे का सहारा श्याम
लाज बचाता है

चाहे जग बैरी होवे
ना बाल बांका होवे
विष अमृत में ढल जाता
पानी में पत्थर तेरे
भगत पुकारे तो
ये दौड़ा दौड़ा आता है
हारे का सहारा श्याम
लाज बचाता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-karishma-chawla/